प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता के बारे में दोबारा विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय सहायता का बडा हिस्सा पाकिस्तान, आतंकवादी ढांचे को खडा करने में लगायेगा। गुजरात के भुज में वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता देना का मतलब है आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसा उपलब्ध कराना।

********************

रामगढ़ में आज पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमले की खुशी में भव्य तिरंगा पद यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में पूर्व सैनिकों, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और देशभक्ति के नारे लगाए। मौके पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और अन्य वक्ताओं ने सैनिकों के साहस को सलाम करते हुए देशवासियों की एकजुटता का संदेश दिया।

********************

चतरा में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में हर्ष जोहार कार्यक्रम के अंतर्गत पीएलसी–7 की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक और भावनात्मक विकास पर जोर देते हुए एक सहयोगी टीम गठित की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 45 अधिकारी शामिल हुए और समस्या के समाधान पर विचार–विमर्श किया गया। सभी अधिकारियों को स्कूल भ्रमण और गुरु गोष्ठी के दौरान हर्ष जोहार की चर्चा करने को कहा गया।

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोरहाबादी मैदान से बिना पूर्व सूचना दुकानों को हटाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने लिखा कि गरीब और आदिवासी दुकानदारों की दुकानों को रात में बिना नोटिस ध्वस्त कर दिया गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि रांची के मेन रोड में अवैध दुकानें बनी रहती हैं, लेकिन प्रशासन वहां कार्रवाई करने से बचता है। उन्होंने डीसी से प्रभावित दुकानदारों को मुआवजा और पुनर्वास की मांग की है।

********************

लोहरदगा जिले के कुडू, कैरो एवं भंडरा थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढता जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

********************

राज्य में गर्मी का प्रकोप जारी है और पलामू में तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। साथ ही गढ़वा, गोड्डा और सरायकेला–खरसावां समेत कई जिलों में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग ने कल से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है।

********************

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 28 जून से 22 जुलाई तक चलेगा। दौरे में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच और उसके बाद तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। हरमनप्रीत कौर दोनों प्रारूपों में टीम की कप्तानी करेंगी, और स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी

*******समाप्त************